दि. ३ मार्च, २०१४

प्रति,

**श्री नरेन्द्रभाई मोदी**,

मान. मुज़्यमंत्रीश्री,

गुजरात राज्य,

सचिवालय, **गांधीनगर** ।

**विषय :- गुजरात राज्य में कोस्टल सिक्युरीटी....**

माननीयश्री नरेन्द्रभाई,

गुजरात राज्य का १,६४० कि.मी. लंबा दरियाई तट है और यह दरियाई तट पाकिस्तान से सबसे नजदीक है । गुजरात के दरियाई तट की सुरक्षा की बात अत्यंत संवेदनशील है । ० से १२ नोटीकल माईल तक दरियाई सुरक्षा की जिज़्मेवारी राज्य सरकार की है । दरियाई सुरक्षा की गंभीरता को ध्यान में रखकर भारत सरकार के गृह मंत्रालय द्वारा जनवरी २००५ में कोस्टल सिक्युरीटी स्कीम बनाई गई है । इस संदर्भ में गुजरात राज्य का कोस्टल सिक्युरीटी प्लान भी जनवरी २००५ में भारत सरकारने स्वीकृत कर हमें भेज दिया है । मेरी जानकारी के अनुसार गुजरात सरकार द्वारा तटीय सुरक्षा मामले में विशेष उदासीनता और त्रुटि रखी गई है । राष्ट्रीय सुरक्षा की बात को राजनीति से परे रखकर कोंग्रेस पक्षने हमेशा राष्ट्रीय सुरक्षा को महत्त्व दिया है । मैं इस मामले में आपको पत्र लिख रहा हूँ, उसकी आपकी ओर से संतोषजनक निश्चित समय सीमा में सूचना मिले ऐसी उज़्मीद करता हूँ और समय सीमा समाप्त न हो जाय तब तक मेरा यह पत्र मीडीया में या सार्वजनिक न हो जाय, उसकी देखभाल करने का प्रयत्न करूँगा । मेरे पास उपलब्ध माहिती के संदर्भ में सच क्या है उसका उत्तर आपकी ओर से प्राप्त हो ऐसी उज़्मीद के साथ निज़्नलिखित प्रश्न प्रस्तुत करता हूँ ।

(१) जनवरी २००६ में गुजरात में तटीय सुरक्षा हेतु १० कोस्टल पोलीस स्टेशन, २५ कोस्टल चेक पोस्ट और ४६ कोस्टल पोस्ट आउट अनुमोदित किये गये है, उसमें से कितने कोस्टल पोलीस स्टेशन, कोस्टल चेक पोस्ट और कोस्टल पोस्ट आउट पूर्णरूप से कार्यान्वित हुए है ? और कितने कार्यान्वित नहीं हुए है ? कार्यान्वित होने में कितने दिन का विलंब हुआ था वह दिन की संज़्या बताने की बिनती है ।

(२) कोस्टल सिक्युरीटी प्लान अंतर्गत ३० बोट्स गुजरात सरकार को आवंटित की गई है, वह नाईट विझन कैमरे से सुसज्जित है । यह बोट्स स्वीकृति अनुसार कितने प्रतिशत कार्यान्वित रही है ? नाईट पेट्रोलिंग जो स्टान्डर्ड ओपरेशनल प्रोसीझर अंतर्गत होना चाहिए, उस अंतर्गत कितने प्रतिशत कम हुआ है ?

(३) जामनगर और कच्छ जिले जो पाकिस्तान सरहद से सबसे नजदीक है और इस सरहद की तटीय लंबाई २३८ कि.मी. की है, उसमें योजना अनुसार कितने सी.पी.सी. अनुमोदित किये गये थे ? और उसमें से कितने सी.पी.सी. कार्यान्वित हुए है ?

(४) रूपये ४६.१६ करोड की लागत से वेसल ट्रेकींग और मोनीटरींग सिस्टम अनुमोदन के लिए दिया गया था, इस लागत में से कितना खर्च हुआ है ? यह सिस्टम २००८ में अनुमोदित की गई थी, उसके बाद आजतक कार्यान्वित न होने का कारण क्या है ?

(५) कोस्टल बेल्ट पोलीस स्टेशनो पर कुल कितनी जगह को स्वीकृति दी गई है ? और उसमें से कितनी जगह भरी हुई है ?

(६) कोस्टल सिक्युरीटी योजना अंतर्गत मरीन इन्टेलीजन्स और इन्वेस्टीगेशन वींग हर कोस्टल पोलीस स्टेशन में बनानी थी, वह बनाई गई है की नहीं ?

(७) विशेष रूप से प्रशिक्षित पुलिस दल के जवानों में से कितने प्रतिशन जवान कोस्टल सिक्युरीटी पोलीस स्टेशनों के अलावा अन्य स्थान पर नियुक्त हैं ?

उपर्युक्त प्रश्न के उत्तर शक्यत: शीघ्र और देरी से १० दिन में आपकी ओर से प्राप्त होंगे ऐसी आशा व्यक्त करता हूँ । आपने सिरक्रीक का जूठा मुद्दा उपस्थित कर चुनाव के समय प्रधानमंत्री को पत्र लिख, वह पत्र मीडीया में प्रस्तुत कर दिया, उस तरह यह पत्र मीडीया में प्रस्तुत करने के लिए आपको नहीं लिख रहा, परंतु राष्ट्रीय सुरक्षा की चिंता के साथ यह पत्र लिख रहा हूँ । मुझे अफसोस के साथ कहना होगा कि राज्य के दरियाई तट की सुरक्षा के लिए राज्य सरकार द्वारा उपेक्षा की गई है ।

आप के पक्ष के राष्ट्रीय प्रमुख श्री राजनाथसिंहजीने हालहि में जब जनरल श्री वी. के. सिंह भारतीय जनता पक्ष से जुडे तब राष्ट्रीय सुरक्षा से लागत कुछ मुद्दों को राजनीति के लिए मीडीया समक्ष प्रस्तुत किये थे और केन्द्र सरकार राष्ट्रीय सुरक्षा के लिए चिंतत न हो ऐसा राजनीतिक अवलोकन किया था । परंतु वास्तव में देखे तो राष्ट्रीय सुरक्षा की सबसे बडी अनदेखी आपके नेतृत्ववाली गुजरात सरकार की ओर से गुजरात के दरियाई तट की हो रही है ऐसा मालुम होता है ।

आभार सह,

कुशल होंगे ।

आपका स्नेहाधीन,

**( शक्तिसिंह गोहिल )**


भारतीय डाक
India Post
RLAD GHATLODIA PO (380061)
A RG220977855IN
Counter No:1.OP-Code:02
To:NARENDRA MODI.
GNR. PIN:382010
From:SHAKTISINH GOHIL . AHD
Wt:20grams.
Amt:25.00 . 04/03/2014 . 10:24
((Have a nice day))